# संशोधित पाठ्यक्रम (Corrigendum)

**कुमाऊँ विश्वविद्यालय में रिक्त समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रख्यापित प्रक्रिया नियमावली 2008 (संख्या 798/XXX(2) /08–3(1)/2008, तद्दिनांक 01 अक्टूबर, 2008) के आलोक में निम्नलिखित प्रक्रिया प्रस्तावित है एवं सम्बन्धित पाठयक्रमों का विवरण निम्नवत है:**

**(क)** चयन हेतु अधिकतम 100 अंकों तथा 2 घण्टा समयावधि की एक लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। इस परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्थात 50 अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। प्रश्नपत्र मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक व प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक दिया जायेगा।

**(ख)** उक्त लिखित परीक्षा में 50 प्रश्न किसी पद विशेष हेतु वांछित न्युनतम शैक्षिक योग्यता के तथा शेष 50 प्रश्न हाईस्कूल स्तर की हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा, सामान्य ज्ञान एवं कम्प्यूटर के प्राथमिक ज्ञान के होंगे।

**(ग)** उक्त 2 (ख) में वर्णित वांछित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता से सम्बंधित पाठ्यक्रम का विस्तृत स्पष्टीकरण निम्नवत है:–

- **बास्केटबॉल प्रशिक्षक हेतु NIS Diplomaका पाठ्क्रम।**
- **वरिष्ठ तकनीकी सहायक (भू विज्ञान) हेतु यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित Earth Science एवं Physical Science का स्नातक स्तर का मिलाजुला पाठ्यक्रम एवं सम्बन्धित पद विशेष की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा** Personal Interaction **के माध्यम से तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा।**
- **Artist cum Photography में उत्तरखण्ड तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित डिप्लोमा का पाठ्यक्रम।**
- **Artist/Drafts man (भूविज्ञान) हेतु का उत्तराखण्ड त0शि0प0 द्वारा निर्धारित द्विवर्षीय डिप्लोमा का पाठ्यक्रम।**
- **सूचीकार हेतु पुस्तकालय विज्ञान में यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित स्नातक स्तर का पाठ्यक्रम।**
- **आशुलिपिक हेतु उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा इण्टरमीडिएट स्तर की अंगेजी एवं हिन्दी भाषा का पाठ्यक्रम।**

- **तबला वादक हेतु संगीत (तबला) विषय में यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष उपाधि का पाठ्यक्रम। तबला वादक की चयन प्रक्रिया हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदक की प्रयोगात्मक परीक्षा भी सम्पन्न होगी।**
- **खेल सहायक हेतु यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित वी0पी0एड्0 का पाठ्यक्रम।**
- **मैकेनिक एवं इलैक्ट्रीशियन हेतु सम्बन्धित ट्रेड में आई0टी0आई0 प्रमाण पत्र का पाठ्यक्रम।**
- **प्रयोगशाला सहायक (प्रयोगशाला सहायक,ब0एफ0ए0 एवं बी0फार्मा0 को छोडकर) हेतु उ0मा0शि0प0 द्वारा निर्धारित हाईस्कूल स्तर के विज्ञान विषय का पाठ्यक्रम।**
- **प्रयोगशाला सहायक (बी0फार्मा0) हेतु उ0मा0शि0प0 द्वारा निर्धारित इण्टरमीडिएट स्तर के जीवविज्ञान विषय का पाठ्यक्रम।**
- **प्रयोगशाला सहायक (बी0एफ0ए0) हेतु यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित ब0एफ0ए0 स्तर का पाठ्यक्रम।**
- **अवर अभियंता सिविल हेतु सिविल इन्जीनियरिंग में प्राविधिक शि0प0 द्वारा निर्धारित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम।**
- **सहायक सम्पत्ति अधिकारी हेतु निर्धारित शैक्षिक योग्यता के अनुरूप** General Administration, Aptitude, Reasoning, General Mathematics, Hindi and English Language, General knowledge of Computer. **सम्बन्धित पद विशेष की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा** Personal Interaction **के माध्यम से तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा।**
- **सहायक तकनीकी अधिकारी (**Centre for Excellence in Himalayan Medicinal and Nano Technology**) हेतु यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित Biological Science एवं Physical Science का स्नातक स्तर का मिलाजुला पाठ्यक्रम एवं सम्बन्धित पद विशेष की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा** Personal Interaction **के माध्यम से तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा।**
- **तकनीकी सहायक (**Centre for Excellence in Himalayan Medicinal and Nano Technology**) हेतु यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित Biological Science एवं Physical Science का स्नातक स्तर का मिलाजुला पाठ्यक्रम एवं सम्बन्धित पद विशेष की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा** Personal Interaction **के माध्यम से तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा।**

**(ङ)** आशुलिपिक पद विशेष हेतु लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अधिकतम एक घण्टा समयाधि की एक प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। इस प्रयोगात्मक परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थी की आशुलिपि एवं टंकण में दक्षता का मूल्यांकन किया जायेगा, एवं अभ्यर्थी

को न्यून्तम 80 शब्द प्रति मिनट हिन्दी आशुलिपि तथा 4000 KDPH (Key depression per hour) की हिन्दी टंकण की कम्प्यूटर पर गति सीमा प्राप्त करना आवश्यक होगा। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अधिकतम एक घण्टा समयाधि की एक प्रयोगात्मक परीक्षा उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रख्यापित प्रक्रिया नियमावली 2008 (संख्या 798/XXX(2) / 08–3(1)/2008, तद्दिनांक 01अक्टूबर 2008) के आलोक मे प्रतिभाग करना होगा ।

**3. सिस्टम प्रोग्रामर के पद पर सीधी भर्ती हेतु समिति निम्नलिखित प्रक्रिया प्रस्तावित है।**

**(क)** चयन हेतु अधिकतम 65 अंकों तथा दो घंटा समयावधि की लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी। इस परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 50% अंक प्रज्ञप्त करना आवश्यक होगा। प्रश्नपत्र मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का एक अंक व प्रतयेक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक दिया जायेगा।

सिस्टम प्रोग्रामर के पद की लिखित परीक्षा हेतु वस्तुनिष्ट प्रश्न में General aptitude test तथा Subject specific knowledge समाहित होंगे।

**सिस्टम प्रोग्रामर के पद की लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम निम्नलिखित होगा।**

| | |
|---|---|
| 1-Apptitude Test. | 35 Marks |
| 2-Computer Programming (Subject of computer science) | 30 Marks |

**(ख)** उक्त 3(क) पर वर्णित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अधिकतम 35 अंकों तथा 1 घंटा समयावधि की प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। इस प्रयोगात्मक परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थी की तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा एवं अभ्यर्थी को न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

**(ग)** उक्त वर्णित 3(क) में वर्णित प्रक्रिया के उपरान्त प्राप्त कुल अंको के आधार पर साक्षत्कार हेतु वरीयता सूचि तैयार की जायेगी एवं Shortlisted अभ्यर्थियों का 50 अंको का साक्षात्कार लिया जाएगा।

**(घ)** अभ्यर्थी का चयन प्रयोगात्मक परीक्षा तथा साक्षात्कार के योगांक के आधार पर किया जायेगा।

**उपरोक्त परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की वरियता क्रम के आधार पर उनके द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की विश्वविद्यालय द्वारा जॉच के उपरान्त ही अन्तिम निर्णय लिया जायेगा।**